भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1278

13 फरवरी, 2023 को उत्तर के लिए

राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड

1278. श्री प्रभाकर रेड्डी वेमिरेड्डी:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार द्वारा राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) की दो कोक ओवन बैटरियों (1और2) को दो वर्षों के लिए संविदा आधार पर सौंपने के लिए अभिरूचि की अभिव्यक्ति की माँग करते हुए एक विज्ञापन जारी किया गया था;

(ख) क्या यह भी सच है कि संविदा अवधि के लिए धनराशि भी निर्धारित कर दी गई है;

(ग) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार की आरआईएनएल को टुकड़ों में बेचने/इसका निजीकरण करने की मंशा है;

(ङ) क्या आरआईएनएल के संघों, राज्य सरकार और अन्य हितधारकों के साथ कोई परामर्श किया गया है; और

(च) यदि हाँ, तो इस पर उनकी क्या प्रतिक्रिया है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री फग्गन सिंह कुलस्ते)**

(क)से(ग): जी, नहीं। कोक ओवन बैटरियों का प्रचालन राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) द्वारा किया जाता है। तथापि, आरआईएनएल ने दिनांक 01.12.2022 को कोक ओवन बैटरियों (1 और 2) की मरम्मत और रखरखाव हेतु एक व्यापक संविदा की है, जो पूर्व की कई संविदाओं के प्रतिस्थापन के रूप में है।

(घ): सरकार ने रणनीतिक विनिवेश के माध्यम से आरआईएनएल की सहायक कंपनियों/ संयुक्त उद्यमों में हिस्सेदारी के साथ-साथ राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) में भारत सरकार (जीओआई) की शेयरधारिता के 100% विनिवेश हेतु सैद्धांतिक मंजूरी दी है।

(ङ)और(च): राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) ने संयंत्र के कार्य-निष्पादन और लाभकारिता में सुधार के लिए संयंत्र में कर्मचारी श्रम संघों को नियोजित किया है जिससे संगठन कर्मचारियों सहित अपने सभी हितधारकों की अपेक्षाओं को पूरा करने में सक्षम हो सकेगा।

****